राष्ट्रीय मुक्क विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 3 : आधुनिक ग्रंथालय : स्वचालित, डिजिटल और वर्चुअल

कार्यपत्रक - 3

1. किसी ग्रंथालय के दिन - प्रतिदिन के कार्यकाल में आप कम्प्यूटर द्वारा कौन-कौन सी भूमिका निभाए जाने की अपेक्षा करते हैं?

2. किसी ग्रंथालय का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने में अकीकृत ग्रंथालय स्वचालन प्रणाली की भूमिका को आप कैसे देखते हैं?

3. किसी वास्तविक ग्रंथालय में जाएँ और यह देखें कि वह डिजिटल ग्रंथालय से यह किस प्रकार भिन्न है? इस संबंध में अपने अनुभव प्रस्तुत करें।

4. यदि आपको कोई स्वचालित ग्रंथालय स्थापित करना है तो आपको किन मूलभूत ढांचा संबंधी संसाधनों की आवश्यकता होगी?

5. खोए हुए अंकों को मँगवाना और उन्हें निश्चित स्थान पर रखना ग्रंथालय-व्यवस्था में किस इकाई द्वारा किया जाने वाला कार्य है और क्यों?

6. आप किसी निकटस्थ ग्रंथालय में जाएँ और आधुनिक ग्रंथालय में देय - आदेय अनुभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा कर अपने अनुभव प्रस्तुत करें।

7. एकीकृत स्वचालन प्रणाली वाले किसी आधुनिक ग्रंथालय में अधिग्रहण एवं प्रसूचिकरण पारंपरिक हस्तचालित अधिग्रहण एवं प्रसूचिकरण की अपेक्षा सुविधाजनक होता है अथवा नहीं? इस पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

8. क्या आप किसी ग्रंथालय में आईसीटी, सूचना एवं संप्रेषण तकनीक की सेवाओं का उपयोग करना चाहेंगे? यदि हाँ, तो क्यों?

9. क्या आपके अध्ययन केंद्र/गाँव/समीपस्थ क्षेत्रों में कोई ग्रंथालय है? यदि हाँ, तो आप उस ग्रंथालय में और क्या अतिरिक्त सामग्री जोड़ना चाहेंगे?

10. यदि आपको किसी ग्रंथालय में पुस्तकों और पत्रिकाओं की खरीद का आदेश देना है, तो क्या खरीदना चाहेंगे और क्यों?